सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 158 | इंदौर, सोमवार 22 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

### इंडोनेशिया में भीषण सड़क हादसा

## कंक्रीट के बैरियर से टकराई बस, 16 लोगों की मौत

**जकार्ता, (एजेंसी)** इंडोनेशिया में एक भीषण सड़क हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई है। हादसा स्थानीय समयनुसार सोमवार आधी रात को हुआ, जब 34 यात्रियों को लेकर जा रही बस एक कंक्रीट के बैरियर से टकरा गई। हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हुई। अधिकारियों ने बताया कि हादसा इंडोनेशिया के बुदिओनो इलाके में हुई। बस ड्राइवर ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस एक कंक्रीट के बैरियर से टकराकर पलट गई। पुलिस ने बताया कि हादसे का शिकार हुई बस राजधानी जकार्ता से प्राचीन शाही शहर योग्यकार्ता जा रही थी। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी पहल एवं नवाचारों से रखी आधुनिक भारत के विकास की आधारशिला- उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन

### स्व. श्री अटलजी के विराट व्यक्तित्व, उच्च आदर्शों एवं दूरदर्शी नेतृत्व से मिलती है प्रेरणा- राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल

- स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रनीति के शिखर पुरुष, राजनीति के अजातशत्रु और भारतीय लोकतंत्र की मर्यादा के प्रतीक- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव
- उपराष्ट्रपति, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने चार विद्वानों को 'अटल अलंकरण' से किया सम्मानित
- पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती पर 'शून्य से शतक' कार्यक्रम सम्पन्न





### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भावपूर्ण उद्बोधन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्र नीति के शिखर पुरुष, राजनीति के अजातशत्रु और भारतीय लोकतंत्र की मर्यादा के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि स्व. श्री अटल जी का जीवन विचारों की दृढ़ता, राष्ट्रधर्म और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट समर्पण का अनुपम उदाहरण है। स्व. श्री अटल जी का व्यक्तित्व ऐसा था जिसने हर काल और हर युग में भारतीय राजनीति को दिशा दी। उनकी राजनीतिक यात्रा भारतीय लोकतंत्र की प्रेरक गाथा है। लोकसभा में उनके ओजस्वी भाषणों से सत्ता और विपक्ष—दोनों ही अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होते थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्व. श्री अटल जी की भूमिका को याद करते हुए कहा कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के रूप में भी लोकतंत्र की गरिमा को ऊँचाई दी। बांग्लादेश युद्ध से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों तक भारत का मान बढ़ाया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में दिया गया उनका भाषण देश की सांस्कृतिक अस्मिता का ऐतिहासिक क्षण रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. श्री अटल जी की सरकार चलाने की शैली पवित्रता और नैतिक साहस की मिसाल थी, चाहे गठबंधन सरकार हो या एक वोट से बहुमत का प्रश्न। परमाणु परीक्षणों के माध्यम से उन्होंने भारत को आत्मसम्मान और सामर्थ्य का संदेश दिया। कारगिल संघर्ष के समय उनके नेतृत्व ने देश की सीमाओं और स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प दृढ़ किया। उन्होंने स्व. श्री अटल जी की कविताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका साहित्य जीवन, समाज और लोकतंत्र को समभाव से आगे बढ़ने की सीख देता है। यह हम सबके लिए मार्गदर्शक है।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में आयोजित भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि स्व. श्री अटलजी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार और मिशन थे। उनके कर्म, आदर्श और सुशासन की दृष्टि आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक प्रकाश हैं। समारोह में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि स्व. श्री अटल जी का जीवन ऐसे ग्रंथ की भाँति था, जिसका प्रत्येक पृष्ठ नैतिकता, उत्कृष्टता और राष्ट्रधर्म की राह दिखाता है। स्व. श्री अटल जी केवल राजनेता नहीं थे, बल्कि वे कवि, चिंतक, अद्भुत नेतृत्व गुणों से संपन्न, विनम्र, संवेदनशील और स्वाभिमानी राष्ट्रभक्त थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि स्व. श्री अटलजी का जीवन विचारों की दृढ़ता, राष्ट्रधर्म और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उनका व्यक्तित्व ऐसा था जिसने हर काल और हर युग में भारतीय राजनीति को दिशा दी। उनकी राजनीतिक यात्रा भारतीय लोकतंत्र की प्रेरक गाथा है।**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर इंदौर में 'शून्य से शतक' कार्यक्रम का गरिमामय रूप से आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में देश के उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन, मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चार प्रतिष्ठित विद्वानों को 'अटल अलंकरण' से अलंकृत किया।

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं अटल फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती माला वाजपेयी तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने समारोह में कहा कि मां अहिल्या की पावन धरती पर आकर उन्हें विशेष प्रसन्नता है। उन्होंने अटल फाउंडेशन के मंच से स्व. श्री अटल जी के जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्व. श्री अटल जी संवाद, समावेशी विकास और मानवीय सुशासन में विश्वास रखते थे। सांसद, कवि और प्रधानमंत्री—हर भूमिका में उन्होंने सार्वजनिक विमर्श को गरिमा दी और सिद्ध किया कि राजनीति सिद्धांतनिष्ठ और करुणामय हो सकती है। उन्होंने अटल सरकार की प्रमुख उपलब्धियों प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, दिल्ली मेट्रो, नए राज्यों का गठन (झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड) तथा पोखरण परमाणु परीक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने आधुनिक भारत की नींव मजबूत की। उपराष्ट्रपति श्री राधाकृष्णन ने कहा कि स्व. श्री अटल जी की विरासत को आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं और देश को विकसित भारत–2047 के लक्ष्य की ओर दृढ़ता से अग्रसर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्व. श्री अटल जी भले हमारे बीच शारीरिक रूप से न हों, लेकिन उनके आदर्श सदैव हमारे हृदयों में जीवित रहेंगे और राष्ट्र को दिशा देते रहेंगे।

### राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का प्रेरक संबोधन

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने अटल जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के पावन अवसर पर विचार अभिव्यक्त करने का अवसर मिलना उनके लिए गर्व और हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि स्व. श्री अटल जी की जन्म शताब्दी केवल पुण्य स्मरण का प्रसंग नहीं, बल्कि उनके विराट व्यक्तित्व, उच्च आदर्शों और दूरदर्शी नेतृत्व से प्रेरणा प्राप्त करने का पावन क्षण है। उन्होंने स्वयं को भाग्यशाली बताते हुए कहा कि उन्हें स्व. श्री अटल जी के सानिध्य में कार्य करने का अवसर मिला, जहाँ उनके महान आभामंडल में रहकर उन्हें करीब से देखने, समझने और उनसे प्रेरित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि स्व. श्री अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को कुछ शब्दों में समेटना संभव नहीं है, वे एक विराट व्यक्तित्व और एक चलता-फिरता महाकाव्य थे। उनकी वाणी में ओज था, जो जनमानस में ऊर्जा और राष्ट्रभाव का संचार करती थी। वे असंख्य कार्यकर्ताओं के लिए प्रकाश-पुंज थे। उनका जीवन ऐसे ग्रंथ की भाँति था, जिसका प्रत्येक पृष्ठ नैतिकता, उत्कृष्टता और राष्ट्रधर्म की राह दिखाता है। स्व. श्री अटल जी केवल राजनेता नहीं थे, बल्कि वे कवि, चिंतक, अद्भुत नेतृत्व गुणों से संपन्न, विनम्र, संवेदनशील और स्वाभिमानी राष्ट्रभक्त थे। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने गठबंधन राजनीति के दौर में भी संवाद, समन्वय और समानता के उच्च आदर्श प्रस्तुत किए, जो भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में मील का पत्थर हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन्दौर में 7वें नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल टूर्नामेंट को किया संबोधित

# खेल हमारी संस्कृति का प्रमुख पक्ष, हमने बनाया है खेलों को शिक्षा पाठ्यक्रम का हिस्सा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खेल हमेशा से हमारी भारतीय संस्कृति का एक अहम अंग रहा है। हमारे व्यक्तित्व के विकास में एक प्रमुख पक्ष के रूप में खेलों ने हमारे जीवन को दिशा दी है। हमने खेलों को स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। हमारे खिलाड़ी प्रायः हर खेल में देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खिलाड़ियों से आव्हान किया कि वे चाहे जिस किसी भी खेल के खिलाड़ी रहें, अपनी लगन और मेहनत से हमेशा अपना उत्कृष्ट देने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इन्दौर में एक निजी स्कूल द्वारा आयोजित 7वें नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल टूर्नामेंट-2025 को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश राज्य ऑलम्पिक एसोशिएशन के संरक्षक भी हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैदिककाल से हमारी संस्कृति में खेलों का बड़ा योगदान रहा है। कई मामलों में भारतीयों ने अपने दौर से भी आगे बढ़कर विश्व में खेलों में नाम कमाया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के नवनिर्माण में खिलाड़ियों की भी अहम भूमिका है। खिलाड़ियों के योगदान से हम अपनी भावी पीढ़ी के लिए एक सकारात्मक वातावरण तैयार कर रहे हैं। इससे न केवल नए खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं, बल्कि खेल अधोसंरचना के विकास को भी नए आयाम मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश में सबसे तेज गति से औद्योगिक प्रगति करने वाला राज्य बन रहा है। औद्योगिक विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाईयों, कुटीर एवं ग्रामोद्योग सहित कृषि एवं संबंद्ध क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में मध्यप्रदेश का सर्वाधिक योगदान होगा। निजी स्कूल के अध्यक्ष श्री स्वप्निल कोठारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पुरुषार्थ से ही व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे मोबाइल की रील से बाहर निकलें, मैदान में आकर परिश्रम करें, तभी वे देश के लिए पसीना और रक्त बहाने के योग्य बनेंगे। उन्होंने सभी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संकल्प 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' में सक्रिय रूप से सहभागी बनकर अधिकतम योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट, विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री बलवंत, श्री गणेश अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल, श्री सुनील सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों में नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया।

## मुख्यमंत्री ने इंदौर में इंदौरी पोहा जलेबी का लिया लुत्फ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रविवार को इंदौर में आगमन हुआ। वे इंदौर में मप्र पिकलबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात एयरपोर्ट के रास्ते में अचानक गाड़ी रुकवाई और कालानी नगर स्थित मौसा पराठा हॉउस में इंदौरी पोहा जलेबी और चाय का लुफ्त लिया। इस दौरान उन्होंने रेस्टोरेंट के वर्कर्स के साथ सहज अंदाज में फ़ोटो भी खिंचवाए और उनका अभिवादन भी स्वीकारा। साथ ही रेस्टोरेंट के संचालक से चर्चा भी की। इस दौरान जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक श्री रमेश मेंदोला और श्री सुमित मिश्रा और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहें।

## सड़क पर बना रहे थे बर्थडे, सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी पहुंचे तो किया विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा पुलिस ने पिता पुत्र और उनके साथियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा को लेकर एफआईआर की है। बताया जाता है कि आरोपी रास्ते में बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे थे। जब पुलिस पहुंची तो आरोपियों ने यहां उनसे भी विवाद किया। पुलिसकर्मियों ने बाणगंगा के पुलिसकर्मी रामकुमार त्यागी निवासी चौथी पल्टन की शिकायत पर धीरज पुत्र विक्रम सोनारथिया निवासी न्यू बजरंगपुरा,विक्रम पुत्र रघुनाथ,आर्यन ओर उनके साथियों के खिलाफ हंगामा करने और पुलिस से विवाद करने के मामले में एफआईआर की है।**

रामकुमार त्यागी के मुताबिक उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ लोग सड़क पर अपनी गाड़ियां खड़ी कर अनावश्यक भीड़ लगाकर हुड़दंग कर रहे है। इसमें आने जाने वाले राहगीरों का रास्ता रुका है । तब प्रधान आरक्षक चरण सिंह ने उन्हें वहां से हटने के लिए कहा किंतु विक्रम उसके बेटे आर्यन और धीरज ने आस पड़ोस के लोगों को आवाज देकर बुला लिया और सभी लोग चिल्ला चोट कर पुलिसकर्मियों के साथ हुज्जत करने लगे। इसी दौरान इन लोगों ने हमारे साथ झूमाझटकी की। सभी पुलिस की गाड़ियों के आगे खड़े हो गए। वाहन के आगे खड़े हो गये इस कारण से पुलिस सभी को पकड़कर थाने ले आई। उन पर शासकीय कार्य में बाधा को लेकर एफआईआर की गई है। इधर दूसरे पक्ष के लोगो का कहना था कि पुलिसकर्मी किसी को इलाके में पकड़ने पहुंचे थे। दोनों सिविल कपड़ों में थे। तब रास्ता देने की बात पर उन्होंने कुछ लोगों से धक्कामुक्की की। बाद में पता चला कि वह पुलिसकर्मी है। इसके बाद उन्होंने थाने से पुलिस की गाड़ी बुलवा ली। सभी को थाने लेकर गए। यहां युवकों ने दोनों पुलिसकर्मियों के तीन वीडियो विवाद करते हुए मोबाइल में भी बनाए थे। उन्हें थाने में डिलीट करवा दिया गया।

## सराफा बाजार में आधा किलो सोने की ठगी

**इंदौर।** सराफा बाजार में एक ज्वेलर के साथ ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने आधा किलो सोना खरीदने के नाम पर व्यापारी को चकमा दिया और 40 लाख रुपए का सोना लेकर फरार हो गया। आरोपी ने वारदात से करीब दो माह पहले ही सराफा क्षेत्र में दुकान किराए पर ली थी। सराफा पुलिस ने मुकेश पुत्र मुरारीलाल अग्रवाल निवासी ऊषा नगर की शिकायत पर शांतिलाल सावरिया निवासी शक्कर बाजार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित मुकेश अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि 28 नवंबर को शांतिलाल सावरिया उनकी दुकान पर आए और सोना खरीदने को लेकर सौदा किया। आधा किलो सोने के बदले 60 लाख रुपए देने की बात तय हुई। आरोपी ने मौके पर 20 लाख रुपए नकद दे दिए और बाकी 40 लाख रुपए अपनी दुकान से देने की बात कही। मुकेश अग्रवाल ने अपने कर्मचारी हरेराम और वरुण को सोना लेकर आरोपी की दुकान पर भेज दिया। वहां आरोपी ने सोना अंदर तिजोरी में रखने और रुपए लाने की बात कही। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आए तो कर्मचारी ने अंदर जाकर देखा, तब पता चला कि दुकान में पीछे की ओर एक और दरवाजा है, जिससे आरोपी फरार हो चुका था। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने करीब 56 दिन पहले ही उक्त दुकान किराए पर ली थी। दुकान मालिक से पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी तक एक दलाल के जरिए संपर्क हुआ था। पीड़ित व्यापारी ने घटना के बाद पुलिस को आवेदन दिया था, लेकिन बदनामी के डर से एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

## सफाई मित्रों के साथ महापौर ने किया चाय-नाश्ता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। महापौर ने रविवार को सफाई मित्रों के साथ चाय-नाश्ता किया। वे दौरे पर थे, तभी उन्हें रास्ते में कुछ सफाई मित्र महिलाएं नजर आई। वे वहां रुके और उनसे बातचीत की और उनके साथ ही बैठकर चाय-नाश्ता किया। महिला सफाई मित्रों ने महापौर से परमानेंट करने और पेंशन की समस्या बताई।**



महापौर पुष्यमित्र भार्गव सुबह जोन नंबर 3 क्षेत्र के लोखंडे पुल का दौरा करने पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने महिला सफाई मित्र के एक ग्रुप को देखा। उन्हें देख वे वहीं रुक गए और उनसे बात करने पहुंचे। महापौर ने सभी से हालचाल पूछा और कहा कि - आज भी छुट्टी नहीं है। रविवार को भी काम करना है। सफाई मित्र महिलाओं ने बताया कि उनकी अलग-अलग दिन छुट्टी रहती है।

महापौर ने कहा कि एक-एक हजार रुपए बढ़ा दिए है आपके। इस पर महिला सफाई मित्रों ने महापौर से कहा कि हमें परमानेंट कर दो। इस पर महापौर ने कहा कि परमानेंट करना मेरे बस का नहीं है, अब समय गया कि होगा कोई। मैं झूठ बात नहीं बोलता आपको। एक महिला सफाई मित्र ने महापौर से पूछा कि हमें पेंशन कबसे मिलेगी। महापौर ने जवाब दिया कि पेंशन किसी को नहीं मिलेगी। मैं आपको बोलकर जाऊं की कर दूंगा, मैं झूठ बात नहीं बोलता। आपकी सैलरी समय-समय पर बढ़ती रहेगी, इतना पक्का है। इसके बाद महापौर ने अपने हाथों से महिला सफाई मित्रों को चाय-नाश्ता दिया और उन्हीं के साथ में बैठकर पोहे और चाय का लुत्फ उठाया।

## बहुरंगी काव्य कलश दोहा संग्रह आनलाइन लोकार्पित

इंदौर। सदियों से दोहा हमें नैतिक शिक्षा के साथ-साथ जीवन के विशिष्ट अनुभव, जीवन की जटिलताओं और दार्शनिक सत्य को भी समझाता रहा है। यह कवि की बहुज्ञता और उसके गहरे जीवन अनुभव पर आधारित होता है। यह हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। यह बातें प्रो योगेन्द्रनाथ शुक्ल ने रशीद अहमद शेख की किताब बहुरंगी काव्य कलश दोहा संग्रह के आनलाइन लोकार्पण अवसर पर कही। संस्था अखंड संडे का ये 117 वां आनलाइन लोकार्पण था। इस अवसर पर दोहाकार प्रभु त्रिवेदी ने कहा कि दोहों की एक लम्बी परंपरा रही है जिसे कबीर, रहीम, तुलसीदास आदि ने बखूबी निभाया है। दोहा अपने वामन स्वरूप में वैराट्य लिए हुए होता है। दोहे की सम्प्रेषणीयता, मारकता, लघुता, प्रवहमानता, भावप्रवणता और विषयनिष्ठता अतुलनीय है। यही कारण है कि सैंकड़ों वर्ष पूर्व कहे गये दोहे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

# बढ़ सकता है इंदौर में एक मेट्रो का स्टेशन

## 12 किलोमीटर का हिस्सा होगा अंडरग्राउंड



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के बढ़ हुए मेट्रो ट्रेन के अंडरग्राउंड हिस्से को केंद्र सरकार की तरफ से अनुमति मिलने के बाद अब प्लानिंग में अफसरों ने बदलाव की तैयारी शुरू कर दी है। पहले सात अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों की प्लानिंग थी। इसमें एक स्टेशन औरर बढ़ सकता है। तीन किलोमीटर अंडरग्राउंड ट्रेक ज्यादा होगा। इस तरह 9 के बजाए 12 किलोमीटर मेट्रो ट्रेक की अंडरग्राउंड लंबाई होगी। हाल ही में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर के विकास कार्यों की बैठक में इसकी मंजूरी दी थी और प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास भेजा था। केंद्र की तरफ से अंडरग्राउंड हिस्से की मंजूरी की घोषणा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की।**

इंदौर में कुल 29 मेट्रो स्टेशन है। इनमें से सात अंडरग्राउंड स्टेशन है बनना थे। इसमें एक स्टेशन बंगाली कॉलोनी की तरफ बढ़ेगे। खजराना की तरफ से स्लोप में मेट्रो अंडरग्राउंड होगी। पांच स्टेशन सुपर कॉरिडोर से गांधी नगर के बीच है। यह स्टेशन यलो लाइन पर बनेंगे। फिलहाल 16 स्टेशन निर्माणाधीन है। अंडरग्राउंड रुट में एयरपोर्ट से बंगाली कॉलोनी तक का हिस्सा शामिल है। अभी मल्हारगंज, नगर निगम, रीगल, एयरपोर्ट सहित अन्य स्थानों पर अंडरग्राउंड स्टेशन बनाने के लिए परीक्षण हो चुका है। एयरपोर्ट और नगर निगम वाले हिस्से में अंडरग्राउंड स्टेशन के लिए खुदाई भी शुरू हो चुकी है। गांधी नगर से रेडिसन चौराहा तक 17 किलोमीटर लंबाई में मेट्रो का ट्रायल रन हो चुका है। मार्च तक मेट्रो के संचालन की तैयारी है। अफसरों की टीम भी इसके लिए दौरा कर चुकी है। अभी छह किलोमीटर हिस्से में मेट्रो का संचालन हो रहा है, लेकिन इस हिस्से में यात्री नहीं मिल रहे है।

## लिट चौक में वक्ताओं ने रखी अपनी बात

### वरिष्ठ पत्रकार सुमित अवस्थी बोले-

# गिरती साख को बचाने के लिए मीडिया को तय करनी होगी अपनी सीमा




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में आयोजित लिट चौक के तीसरे दिन भाषा, साहित्य, पत्रकारिता और राजनीति से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। "न्यूज रूम की दुविधा" विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि न्यूज रूम में घड़ी देखकर काम नहीं किया जाता, क्योंकि घटनाएं समय देखकर नहीं होतीं। नौकरी में न्यूज रूम पत्रकार के साथ चलता है।**

वरिष्ठ पत्रकार सुमित अवस्थी ने कहा कि दंगों जैसी संवेदनशील घटनाओं के दौरान पत्रकारों को भड़काऊ सामग्री से बचने की हिदायत दी जाती है, ताकि तनाव न बढ़े। इसका सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। विचारधारा से खबरों के प्रभावित होने के सवाल पर वक्ताओं ने कहा कि हर व्यक्ति की अपनी सोच और विचारधारा होती है, लेकिन यदि काम के दौरान विचारधारा हावी हो जाए तो वह पत्रकारिता नहीं रह जाती। पत्रकार को अपनी विचारधारा घर पर छोड़कर आना चाहिए। मतदान केंद्र के बाहर भी यदि विचारधारा साथ चलती है तो घालमेल होता है। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता में विचारधारा से पहले देश होना चाहिए। पत्रकारिता केवल ग्लैमर नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का काम है।

सुमित अवस्थी ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि मीडिया की साख गिर रही है। मीडिया को अपनी सीमाएं तय करनी होंगी। खबर परोसने से पहले उसे पूरी तरह जांचना जरूरी है। दर्शकों को भी सोशल मीडिया कंटेंट को संदेह की नजर से देखना चाहिए, क्योंकि यह डीपफेक का दौर है। फेक खबरों को अपने स्तर पर रोकना होगा। वायरल कंटेंट के दबाव पर उन्होंने कहा कि यदि कोई घटना सच है और मोबाइल में कैद है तो उसे दिखाने में हर्ज नहीं है, लेकिन यह भी देखना होगा कि पाठक क्या देखना चाहता है। कंटेंट को वायरल दर्शक ही करता है, वही अपनी पसंद बताता है। लेखक नीलोत्पल मृणाल ने कहा कि बोलचाल की भाषा पाठकों को सबसे ज्यादा पसंद आती है। साहित्य में साहस, संघर्ष और संस्कृति का होना जरूरी है। यदि इनका अभाव है तो वह साहित्य श्रेष्ठ नहीं हो सकता। किसी भी विषय पर लिखने के लिए उसकी गहरी जानकारी होना जरूरी है। केवल उपन्यास पढ़कर उपन्यास नहीं लिखा जा सकता।

# बीजेपी नेता पर 3.50 करोड़ की जालसाजी का केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बीजेपी नेता एवं गो सेवा भारती संस्था के अध्यक्ष सुरेश पिंगले पर क्राइम ब्रांच ने 3 करोड़ 50 लाख रुपए की जालसाजी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। कोर्ट के आदेश के बाद क्राइम ब्रांच ने जांच करते हुए यह कार्रवाई की है। मामला भोपाल-रायसेन रोड की एक नामी लॉजिस्टिक कंपनी के गुम चेक के जरिए फर्जीवाड़ा करने से जुड़ा है। इस प्रकरण में दो अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। क्राइम ब्रांच ने कनाड़िया थाना क्षेत्र में रहने वाले रमन अरोरा निवासी ग्रेड एक्सोटिका की शिकायत पर सुरेश पुत्र विट्ठलराव पिंगले निवासी मिश्र नगर अन्नपूर्णा रोड के खिलाफ बैंक से फर्जी तरीके से 3.50 करोड़ रुपए निकालने का प्रयास करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में नरेश नरवानी और शरद दुबे की भूमिका को भी जांच में लिया गया है। शिकायतकर्ता रमन अरोरा की भोपाल-रायसेन रोड पर सर्च स्मार्ट लॉजिस्टिक नामक कंपनी है, जिसमें उनकी पत्नी संगीता अरोरा निदेशक हैं। बेटी की शादी के बाद उनके ससुर को भी कंपनी का निदेशक बनाया गया था। कंपनी के खाते से भोपाल स्थित एचडीएफसी बैंक से 50 चेक जारी किए गए थे, जिनमें से 38 चेक का उपयोग हो चुका था। जून 2022 में कंपनी का बैंक खाता बंद कर दिया गया था। इसके बाद 6 जून के आसपास कंपनी के एक कर्मचारी द्वारा बैंक रिकॉर्ड की जांच में एक चेक के गायब होने की जानकारी सामने आई, जिसकी सूचना कनाड़िया थाने में दी गई थी। कुछ ही दिनों बाद रमन अरोरा के घर कोर्ट से नोटिस पहुंचा, जिसमें 3.50 करोड़ रुपए का भुगतान न होने पर चेक अनादर का उल्लेख था। जांच में सामने आया कि यह गुम चेक सुरेश पिंगले द्वारा दो अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था। कोर्ट रिकॉर्ड की जांच में यह भी सामने आया कि ग्राम पिपल्याहाना की एक बेशकीमती जमीन को लेकर संगीता अरोरा के नाम से एक एग्रीमेंट तैयार किया गया था, जिसमें सुरेश पिंगले के साथ नरेश नरवानी और शरद दुबे के नाम दर्ज थे। इस एग्रीमेंट में जमीन के सौदे के लिए 3.50 करोड़ रुपए दर्शाए गए थे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि एग्रीमेंट और चेक पर किए गए हस्ताक्षर फर्जी हैं। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की गई और कोर्ट में याचिका दायर की गई।



# ग्वालियर में 25 को होगा अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 दिसंबर को ग्वालियर में अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। समिट में देश के अनेक प्रमुख औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि और बिजनेस लीडर भी सहभागिता करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नागरिकों को नए निवेश के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट एक अभिनव प्रयास है, जिसके माध्यम से उच्च रोजगार सृजन करने वाले उद्यमियों का सम्मान, औद्योगिक परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा। यह आयोजन ग्वालियर के मेला ग्राउंड में दोपहर 11.30 बजे से होगा।



स्व. प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर "निवेश से रोजगार-अटल संकल्प" विषय पर 45 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में अटल जी के जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को दर्शाया जाएगा, साथ ही प्रदेश की औद्योगिक परियोजनाओं, सफल स्टार्टअप्स, ओडीओपी और जीआई टैग उत्पादों की जानकारी भी प्रदर्शित की जाएगी। इस अवसर पर प्रोत्साहन राशि वितरण, भूमि आवंटन, ग्वालियर व्यापार मेले का उद्घाटन तथा ई-जीरो एफआईआर प्रणाली का शुभारंभ भी किया जाएगा। समिट में गोदरेज इंडस्ट्रीज, ग्रीनको, वर्धमान समूह, जेके टायर, जुपिटर वैगन्स, मैकेन फूड, डाबर इंडिया, बीपीसीएल सहित अनेक प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

# कार-बाइक डंपर में घुसी, 1 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भीषण सर्दी के साथ घना कोहरा भी छा रहा है। दतिया में कोहरे के कारण एक कार और बाइक कंटेनर से टकरा गईं। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कोहरे के चलते भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में 20 से ज्यादा ट्रेनें हर रोज 30 मिनट से 5 घंटे तक लेट हो रही है। वहीं, भोपाल और इंदौर से फ्लाइट भी डिले हैं। रीवा में सुबह विजिबिलिटी इतनी थी कि 50 मीटर के बाद कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा था। रविवार सुबह भी प्रदेश के 18 शहरों में कोहरा रहा। इससे पहले शनिवार को शहडोल के कल्याणपुर में पारा रिकॉर्ड 2.8 डिग्री पर पहुंच गया। एमपी में इस सीजन पहली बार पारा इतना नीचे पहुंचा है। रविवार को ग्वालियर में कोल्ड डे रहा। यहां न्यूनतम तापमान 9.3 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि अधिकतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 6.8 डिग्री कम है।

# हिजाब खींचना द्रौपदी चीरहरण जैसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सार्वजनिक मंच पर एक महिला डॉक्टर का हिजाब खींचे जाने पर भोपाल के नायब शहर काजी मौलाना अली कदर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम को देव मालाओं में वर्णित द्रौपदी के चीरहरण से जोड़ते हुए कहा कि राम और कृष्ण के आदर्शों को मानने वाला व्यक्ति ऐसी हरकत कर ही नहीं सकता। उनके मुताबिक यह कृत्य उस मानसिकता को दर्शाता है जिसे दुर्योधन का प्रतीक कहा जाता है। मौलाना ने साफ शब्दों में कहा कि यह न तो सियासी मुद्दा है और न ही साम्प्रदायिक, बल्कि यह सीधे-सीधे नारी की अस्मिता और सम्मान से जुड़ा हुआ सामाजिक सवाल है।

# 80 आदिवासी मजदूर बंधक मुक्त कराए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** शिवपुरी जिले की बदरवास जनपद पंचायत के ग्राम विजयपुरा के लगभग 80 आदिवासी मजदूर, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, महाराष्ट्र के सोलापुर जिले से रविवार को सकुशल अपने गांव लौट आए। इन मजदूरों को वहां बंधक बनाकर रखा गया था। उनकी सुरक्षित वापसी के बाद पूरे गांव में राहत का माहौल है।

वापस लौटे मजदूरों ने बताया कि उन्हें इंदौर में काम दिलाने का झांसा देकर महाराष्ट्र ले जाया गया था। वहां उन्हें एक फार्म पर बंधक जैसी स्थिति में रखा गया। मजदूरों के अनुसार, उनसे सुबह 6 बजे से रात करीब 8 बजे तक जबरन काम कराया जाता था। काम के दौरान लाठियों के बल पर उनकी निगरानी की जाती थी। जरा सी बात पर उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां दी जाती थीं। महिलाओं और बच्चों को भी उसी फार्म पर रहने के लिए मजबूर किया गया था।

### बर्फीली हवाओं की चपेट में मध्यप्रदेश

# कोहरे से जनजीवन बेहाल, पारा 4 डिग्री से नीचे लुढ़का

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश इस समय कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की दोहरी मार झेल रहा है। प्रदेश का उत्तरी और मध्य हिस्सा कोहरे की चादर में लिपटा हुआ है, जबकि पहाड़ी राज्यों से आ रही सर्द हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दी है। रविवार को ग्वालियर-चंबल अंचल समेत प्रदेश के करीब आधे हिस्से में घना और मध्यम कोहरा छाया रहा। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि शहडोल जिले का कल्याणपुर प्रदेश ही नहीं, बल्कि कई हिल स्टेशनों से भी ज्यादा ठंडा रिकॉर्ड किया गया। शनिवार-रविवार की रात यहां न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो मसूरी, शिमला, श्रीनगर और मनाली जैसे ठंडे इलाकों से भी कम रहा।

सोमवार की सुबह भी हालात जस के तस बने रहे। ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना, कटनी, सतना, मैहर, उमरिया, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज और रीवा में घना कोहरा छाया रहा। राजधानी भोपाल और आर्थिक राजधानी इंदौर में भी मध्यम कोहरे के कारण दृश्यता प्रभावित रही। कई इलाकों में



विजिबिलिटी 200 मीटर से भी कम रिकॉर्ड की गई, जिससे सड़क और रेल यातायात पर सीधा असर पड़ा।

कोहरे का सबसे बड़ा असर दिल्ली से मध्यप्रदेश आने वाली ट्रेनों पर दिख रहा है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन रूट की कई ट्रेनें घंटों देरी से पहुंच रही हैं। मालवा एक्सप्रेस, झेलम, शताब्दी, सचखंड और पंजाब मेल जैसी ट्रेनें 6 से 8 घंटे तक लेट चल रही हैं। 16 दिसंबर के बाद से लगातार ट्रेन और फ्लाइट सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के चलते जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में बर्फबारी हो रही है।

# मेट्रो ट्रेन की कमान महिला के हाथ...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मेट्रो पटरी पर दौड़ पड़ी है। भोपाल में मेट्रो ट्रेन चलने के साथ ही जाह्नवी गोस्वामी ने इतिहास रच दिया है। वह भोपाल मेट्रो की पहली महिला ट्रेन ऑपरेटर हैं। शनिवार को पहली बार जब पटरी मेट्रो दौड़ी तो इसकी कमान जाह्नवी गोस्वामी के पास थी। इसके लिए जाह्नवी ने सिर्फ 114 दिनों की ट्रेनिंग ली है। जाह्नवी को बचपन से ही ट्रेन चलाने के तरीके को जानने के बारे में दिलचस्पी थी। जाह्नवी गोस्वामी, भोपाल मेट्रो में सुपरवाइजर ग्रेड II (ऑपरेशंस) हैं।**

भोपाल की पहली ट्रेन ऑपरेटर बनकर शहर के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं। उनकी यह यात्रा सिर्फ 114 दिनों की कड़ी ट्रेनिंग तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह दशकों पहले भारतीय रेलवे की यात्री सीटों पर बैठकर शुरू हुई थी। मध्य प्रदेश के सागर की रहने वाली जाह्नवी का पालन-पोषण एक ऐसे परिवार में हुआ जो सार्वजनिक सेवा से जुड़ा था। उनके पिता सरकारी कर्मचारी थे और मां गृहिणी। मेट्रो केबिन तक पहुंचने के लिए उन्हें एक प्रतियोगी परीक्षा पास करनी पड़ी और दिल्ली मेट्रो के साथ विशेष सत्रों सहित कठोर प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा। वे गर्व से कहती हैं कि जिन लोगों ने मुझे दिल्ली में प्रशिक्षित किया, वे भी महिलाएं थीं।

### आष्टा में दो समुदायों के बीच हिंसा

# भोपाल-इंदौर हाईवे जाम, पुलिस को करना पड़ा लाठीचार्ज हालात अब काबू में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर जिले के आष्टा में दो समुदायों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। विवाद के दौरान पथराव, वाहनों में तोड़फोड़ और भोपाल–इंदौर हाईवे को जाम कर दिया गया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया और लोगों में दहशत फैल गई।

जानकारी के अनुसार, करणी सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा भोपाल-इंदौर हाईवे पर जाम लगाया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर खड़े वाहनों पर पथराव किया और कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की। स्थिति बिगड़ते देख मौके पर मौजूद पुलिस को हालात काबू में लाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और लाठीचार्ज भी करना पड़ा।

### अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने भीड़ को खदेड़कर हाईवे से हटाने की कोशिश की और यातायात बहाल कराने का प्रयास किया गया। हालांकि, क्षेत्र में अब भी तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। पुलिस हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है।



### 'शांति बनाए रखें और सीधे अपने घर लौट जाएं'

मामले में करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन शेरपुर का बयान सामने आया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लाइव होते हुए आष्टा में हुए विवाद को साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह घटना संगठन और उसके आंदोलन को बदनाम करने का प्रयास है। शेरपुर ने करणी सेना के सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे किसी भी विवाद या उपद्रव से दूर रहें, शांति बनाए रखें और सीधे अपने घर लौट जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन का किसी भी तरह की हिंसा से कोई संबंध नहीं है।

### विवाद के कारणों की जांच जारी

पुलिस और प्रशासन की समझाइश के बाद भोपाल-इंदौर हाईवे से जाम हटवा दिया गया। अधिकारी लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। रात करीब 11.15 बजे से चौपाटी क्षेत्र में रुक-रुक कर यातायात बहाल किया गया, जिसके बाद फिलहाल ट्रैफिक सामान्य हो गया है। पुलिस ने बताया कि तोड़फोड़ से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है और विवाद के कारणों की जांच जारी है। प्रशासन ने आमजन से शांति बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की है।

## संपादकीय

# लोथल में सजेगी वैश्विक समुद्री विरासत

भारत और नीदरलैंड ने गुजरात के लोथल की समुद्री विरासत को सहेजने के लिए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए हैं। यह लोथल में नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्पलेक्स के निर्माण की दिशा में बहुत बड़ा कदम है। यह समझौता विदेश मंत्री एस जयशंकर और डच विदेश मंत्री डेविड वैन वील के बीच हुई द्विपक्षीय चर्चा के दौरान हुआ। लोथल में बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय की ओर से नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्पलेक्स तैयार हो रहा है। जिसमें इस समझौते के बाद एम्स्टर्डम स्थित नेशनल मैरीटाइम म्यूजियम भी सहयोग करेगा। भारत और नीदरलैंड के बीच इस समझौते का मकसद मैरीटाइम्स म्यूजियम की योजना और डिजाइन तैयार करने में आपसी जानकारी और तकनीकी दक्षता को अपनाना है, ताकि चीजों को सहेजने और संरक्षण के लिए बेहतर से बेहतर प्रक्रिया का आदान-प्रदान हो सके। इस साझेदारी के दौरान दोनों देश संयुक्त प्रदर्शनी लगाएंगे, आपसी तालमेल के साथ रिसर्च में जुटेंगे और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से जुड़े कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। दोनों देशों में हुआ यह एमओयू आगंतुकों की आपसी भागीदारी, शिक्षा और जनसंपर्क को बेहतर बनाने के लिए नए तरीकों को अपनाने में भी प्रोत्साहित करेगा। इससे म्यूजियम का अनुभव और भी समृद्ध और आपस में इंटरैक्टिव बनेगा। कुल मिलाकर यह म्यूजियम भारत की समृद्ध प्राचीन समुद्री विरासत को दुनिया के सामने लाने में सहायता करेगा। यह लोथल को दुनिया का एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में बहुत बड़ा कदम है। गुजरात में खंभात की खाड़ी के नजदीक स्थित लोथ भारत का सबसे पुराना बंदरगाह शहर है। यह शहर भोगावो और साबरमती नदियों के बीच है। मोहनजोदड़ो की तरह ही सिंधु घाटी सभ्यता से जुड़े लोथल का मतलब भी मृतकों का टीला है। 4,500 साल पुराना यह शहर प्राचीन भारत में समृद्ध टाऊन प्लानिंग का बेहतरीन उदाहरण है, जो सिंधु घाटी सभ्यता की पहचान रही है। यहां भी सड़कें 90 डिग्री पर एक-दूसरे को काटती थीं और यहां पूर्ण रूप से विकसित ड्रेनेज सिस्टम भी मौजूद था। लोथल में एक आयताकार बेसिन मिला है, जिसे डॉकयार्ड कहा जाता है। यही डॉकयार्ड यहां हड़प्पावासियों की समुद्री गतिविधियों को साबित करता है।

## सैर सपाटा

### थाईलैंड ट्रिप का बदल जाएगा बजट

# 2026 में 'लैंड ऑफ स्माइल्स' में घूमने के लिए बढ़ा लें अपनी सेविंग्स



### कितना खर्च बढ़ेगा?

बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, थाईलैंड के सिविल एविएशन बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर लगने वाले एयरपोर्ट टैक्स में 53% की बढ़ोतरी को हरी झंडी दे दी है। अभी तक यात्रियों से 730 बाट (करीब 2100) वसूले जाते थे, जिसे बढ़ाकर 1,120 बाट (लगभग 3200) करने का प्रस्ताव है। इसका मतलब है कि अब थाईलैंड की अगली यात्रा पर यात्रियों को करीब 1100 ज्यादा खर्च करने पड़ेंगे।

### जानिए किन हवाई अड्डों पर लागू होगा नया नियम?

आपको बता दें कि, यह नया शुल्क 'एयरपोर्ट्स ऑफ थाईलैंड' (AOT) द्वारा संचालित देश की सभी 6 प्रमुख हवाई अड्डों पर लागू है, जैसे कि-

1. बैंकॉक का सुवर्णभूमि और डॉन मुएंग एयरपोर्ट
2. फुकेत
3. चियांग माई
4. हाट याई
5. चियांग राय

खास बात यह है कि घरेलू उड़ानों के लिए सर्विस चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह करीब 130 बाट (370 रुपये) पर ही स्थिर रहेगा।



### क्या है एयरपोर्ट टैक्स और आप इसको कैसे भरेंगे?

कुछ यात्री जरुर सोच रहे होंगे कि अब पैसा अलग से काउंटर पर देना होगा? इसका जवाब है- नहीं। 'पैसेंजर सर्विस चार्ज' एक जरुरी शुल्क है जो हवाई अड्डे की सुविधाओं, सुरक्षा और रखरखाव के लिए जाना जाता है। ऐसे में यात्रियों की सुविधा के लिए यह शुल्क सीधे तौर पर आपके फ्लाइट टिकट की कीमत में एड कर दिया है। आपको बुकिंग के दौरान ही इसका भुगतान करना होगा, जिससे एयरपोर्ट पर कोई दिक्कत न हो।

### कब लागू होंगी नई दरें?

अमूमन है कि एयरपोर्ट टैक्स की ये नई दरें अगले साल (2026) की शुरुआत में लागू हो सकती हैं। नियम के मुताबिक, नई दरों को लागू करने से कम से कम चार महीने पहले इसकी सार्वजानिक घोषणा की जाएगी। इस प्रस्ताव को लेकर अभी अंतिम मुहर और कुछ आधिकारिक प्रक्रियाओं को पूरा होना बाकी है।

New Delhi

# एयर इंडिया का विमान, फिर हलक में आई जान, दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** एयर इंडिया के विमान में एक बार फिर यात्रियों की जान उस वक्त खतरे में पड़ गई जब आसमान में उड़ते समय इसमें खराबी आ गई। सोमवार सुबह दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से मुंबई के लिए उड़े विमान को वापस उतारना पड़ा। गनीमत रही कि विमान ने सुरक्षित रूप से लैंडिंग की और सभी यात्री सुरक्षित हैं।

एयर इंडिया का विमान AI 887 दिल्ली से सुबह 6.40 पर मुंबई के लिए उड़ा था। बताया जा रहा है कि उड़ान के कुछ देर बाद इसमें खराबी का पता चला। टाइम्स नाऊ ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि बीच आसमान विमान का दाहिना इंजन बंद हो गया। इसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी की घोषणा कर दी गई। प्रोटोकॉल के तहत अपनाए जाने वाले सभी इंतजाम किए गए। गनीमत रही कि विमान ने सुरक्षित रूप से लैंडिंग की। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान जारी करके कहा कि AI887 ने दिल्ली से मुंबई के लिए टेक ऑफ किया था। एक टेक्निकल समस्या की वजह से एसओपी के तहत दिल्ली में वापस लौटा। विमान ने दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग की। यात्रियों और क्रू को बाहर निकाल लिया गया। एयर इंडिया के विमानों में हाल के दिनों में इससे पहले भी कुछ मौकों पर तकनीकी गड़बड़ियां सामने आई हैं। इसी साल अहमदाबाद में लंदन के लिए उड़ान भरते ही विमान क्रैश हो गया था।



Uttarpradesh

**बिजनौर में भीषण सड़क हादसा**

## डंपर से टकराई क्रेटा कार, मौलाना समेत 4 की मौत



**बिजनौर, (एजेंसी)** बिजनौर के हरिद्वार मार्ग पर स्थित जालपुर गांव के पास एक डंपर और क्रेटा कार की जोरदार भिड़ंत में चार लोगों की जान चली गई. मृतक लोग राहतपुर गांव में आयोजित एक दीनी जलसे से वापस लौट रहे थे, तभी उनकी कार आगे चल रहे डंपर में पीछे से जा घुसी.

जानकारी के मुताबिक, मरने वालों में प्रवचन देने वाले मौलाना कारी इकबाल और उन्हें छोड़ने जा रहे अशफाक, एतेशाम और सलाउद्दीन शामिल हैं. पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शवों को कार से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. यह दर्दनाक वाकया उस समय हुआ जब राहतपुर गांव में दीनी जलसा समाप्त हुआ था. जलसे में प्रवचन देने आए मौलाना इकबाल कारी को सराय आलम गांव छोड़ने के लिए तीन युवक क्रेटा कार में सवार होकर निकले थे. जैसे ही उनकी गाड़ी जालपुर गांव के नजदीक पहुंची, वह आगे चल रहे डंपर से टकरा गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और सभी लोग गाड़ी के अंदर ही फंस गए. हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद बचाव कार्य शुरू हुआ. हालांकि, जब तक लोगों को बाहर निकाला गया, चारों की सांसें थम चुकी थीं. पूर्व प्रधान मोहम्मद मुस्तफा और अन्य ग्रामीणों ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है. मौलाना और उनके साथियों की मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है.

Haryana

## हिंदू युवक से प्रेम विवाह, पति पर जानलेवा हमले के बाद शबाना का हो गया अपहरण

**हरियाणा।, (एजेंसी)**हरियाणा के यमुनानगर में दूसरे धर्म में शादी के बाद हिंसा का मामला सामने आया है। मांगाराम और शबाना ने अक्टूबर में परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर प्रेम विवाह कर लिया था। रविवार को उनपर अचानक कुछ लोगों ने हमला कर दिया और सबाना का अपहरण कर लिया गयायु । घटना जगाधरी-पांवटा साहिब नेशनल हाइवे की बताई गई है। जानकारी के मुताबिक पति पर जानलेवा हमले के बाद नवविवाहिता का अपहरण कर लिया गया। सूचने मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित की कार में सवार दो बच्चे भी बुरी तरह घायल हो गए थे जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के मुताबिक हाइवे पर उर्जनी गांव के पास फिल्मी स्टाइल में कुछ बदमाशों ने हमला किया। नत्थनपुर गांव के कुछ लोग कार से बलौली की ओर जा रहे थे। बलौली के रहने वाले मांगाराम और उनकी नवविवाहिता पत्नी शबाना कार में मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक सबाना के परिजन हिंदू युवक से शादी करने को लेकर भड़के हुए थे। मांगाराम और सबाना ने 27 अक्टूबर को ही शादी की थी। मांगाराम ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाते हुए कहा कि उर्जनी गांव के पास 10 से 12 लोगों ने उन्हें घेर लिया।

Uttarpradesh

## ठगी का नया हथकंडा, व्हाट्सएप पर भेजी एक्सिडेंट की फोटो, क्लिक करते ही अकाउंट से उड़े लाखों

**बाराबंकी, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में साइबर ठगों ने ठगी का एक नया और चौंकाने वाला तरीका अपनाया है. व्हाट्सएप पर सड़क हादसे की फर्जी फोटो भेजकर एक युवक का मोबाइल हैक कर लिया गया और कुछ ही मिनटों में उसके बैंक खाते से 4 लाख 44 हजार रुपये उड़ा लिए गए.



मामला सामने आने के बाद पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. दरअसल, गल्ला मंडी निवासी प्रशांत वर्मा के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आया. कॉल करने वाले ने खुद को हादसे की सूचना देने वाला बताते हुए कहा कि एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है और मृतक की जेब से आपका (प्रशांत वर्मा) का पहचान पत्र मिला है. घबराए प्रशांत को व्हाट्सएप पर हादसे की एक फोटो भेजी गई, जिसे डाउनलोड करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया और खाते से लगातार ट्रांजैक्शन होने लगे. पुलिस जांच में सामने आया है कि भेजी गई फोटो दरअसल एपीके फाइल थी. जैसे ही पीड़ित ने उस फाइल को खोला, साइबर ठगों को उसके मोबाइल का पूरा एक्सेस मिल गया और उन्होंने बैंक खाते से रकम निकाल ली. पुलिस के अनुसार, इसी तरह की एपीके फाइल भेजकर साइबर ठग लगातार लोगों को निशाना बना रहे हैं.

खेल

# रोमांचक सेमीफाइनल में उलटफेर, चीनी जोड़ी से हारे सात्विक-चिराग, भारत का अभियान समाप्त



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हारकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स से बाहर हो गए। भारतीय जोड़ी ने मुकाबले की शानदार शुरुआत करते हुए पहला गेम 21-10 से अपने नाम किया, लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सकी। एक घंटे तीन मिनट तक चले इस रोमांचक सेमीफाइनल में उन्हें 21-10, 17-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### ग्रुप चरण की हार का लिया बदला

गौरतलब है कि सात्विक और चिराग ने ग्रुप चरण में इसी चीनी जोड़ी को हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने अहम मौकों पर बेहतर खेल दिखाते हुए मैच पलट दिया। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में भारतीय जोड़ी को कोई हार नहीं मिली थी, लेकिन सेमीफाइनल की हार के कारण वे फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने से चूक गए। हालांकि, सात्विक और चिराग ने इस सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में सेमीफाइनल तक पहुंचकर इतिहास रचते हुए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का गौरव हासिल किया।

सिनेमा

## बॉक्स ऑफिस पर Zootopia 2 ने तोड़ा यह रिकॉर्ड, ऐसा कर पाने वाली 6वीं एनिमेशन फिल्म




एनिमेशन फिल्म 'जूटोपिया 2' विदेशों के साथ-साथ भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी कमाल कर रही है। सिर्फ ओवरसीज कलेक्शन की बात कर लें तो इसी मामले में 'जूटोपिया-2' 1 बिलियन डॉलर (Rs. 89,61,48,00,000 करोड़) का आंकड़ा पार करने को तैयार है। 'अवतार - फायर एंड ऐश' जैसी फिल्मों से मुकाबला करते हुए चौथे वीकेंड में 'जूटोपिया-2' ने Rs. 6,87,20,17,035 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। सिर्फ अमेरिका में 282 मिलियन डॉलर कमाने के साथ ही 1.27 बिलियन डॉलर्स का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन करने वाली चुनिंदा एनिमेटेड फिल्मों में यह शुमार हो गई है। जूटोपिया-2 इस आंकड़े को छू पाने वाली टॉप 25 फिल्मों की लिस्ट में शुमार हो चुकी है। इसने 'ब्यूटी एंड द बीस्ट्स' को कमाई के मामले में पीछे छोड़ दिया है। बात करें इसकी अभी तक की कमाई की तो, यह सबसे ज्यादा ग्रॉस कलेक्शन करने वाली छठी फिल्म बन गई है। जूटोपिया-2 ने शानदार कमाई करते हुए 'मिनियन्स' के साथ-साथ 'इनक्रेडिबल्स' को भी पीछे छोड़ दिया है।

## Highlights

1. 'Specially abled' man receives wheelchair from BJP MLA, then starts walking
2. Visuals show Ladakh turning white after heavy snowfall
3. Conspiracy to revive dispute: RSS Chief on 'Bengal Babri' row
4. Only 0.2% Aravalli may be eligible for mining: Environment Minister
5. WB Governor fires pistol at face level, people call it 'dangerous'

# Rupee strengthens against dollar to 89.45 on FII inflows, RBI actions



**NEW DEIHI, (Agency).** The Indian Rupee continued to strengthen against the US Dollar on Monday, supported by foreign buying in the world's fifth largest stock market.

### What's the rupee rate today?

The rupee opened at 89.53 against the US dollar, then strengthened further to 89.45. That's a gain of 22 paise over previous close of 89.67. The Reserve Bank of India has reportedly sold dollars via state-run banks to prop up the rupee in recent trading sessions.

The dollar index, which gauges the greenback's strength against a basket of six currencies, was trading 0.04% higher at 98.63.

The brent crude, the global oil benchmark, was trading higher by 0.83% at $60.97 per barrel in futures trade.

FII inflows stood at ₹1,830.89 crore on Friday, according to exchange data.

India's forex reserves jumped $1.68 billion to $688.94 billion in the week through 12 December, according to RBI data.

Up but still Down

The USD-INR pair has appreciated by about 2% from its recent lows but is still 5% down on year-on-year basis, according to Anil Kumar Bhansali, head of treasury and executive director at Finrex Treasury Advisors LLP.

"The broader depreciation trend is intact despite near-term consolidation," he told the Press Trust of India.

# Indian-origin Amazon veteran Anand Varadarajan named new Starbucks CTO

**NEW DEIHI, (Agency).** Multinational coffeehouse chain Starbucks has appointed Indian-origin technology executive Anand Varadarajan as its new executive vice president and chief technology officer (CTO), entrusting the two-decade Amazon veteran with overseeing the beverage giant's global technology operations.



According to a Starbucks statement quoted by news agency PTI, Varadarajan will assume the role of the new executive on January 19. He will join the company's Executive Leadership Team and report directly to Chief Executive Officer (CEO) Brian Niccol.

Varadarajan has been tapped as a replacement for Deb Hall Lefevre, who retired in September this year. After her exit, Starbucks appointed Ningyu Chen as interim chief technology officer while it searched for a permanent replacement.

Starbucks stated in the announcement that Varadarajan brings deep experience in developing secure, reliable systems and scaling technology to support operational excellence, while keeping customers at the centre.

With him on board, the company is expected to further invest in digital tools and backend systems designed to streamline workflows, support staff and enhance the in-store experience, something he helped build for Amazon.

# सिंघानिया परिवार विवाद, बहू ने दर्ज कराई एफआईआर

**पति-सास-ससुर सहित 4 पर केस**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूडिया थाना क्षेत्र में बहू और सास-ससुर के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद में एफआईआर दर्ज नहीं होने पर महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने महिला का मेडिकल परीक्षण कराते हुए पति, सास-ससुर समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।**

खास बात यह है कि बहू की ओर सर पति पर दूसरी और परिवार पर पहली एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं इससे पहले महिला पर दो बार उसकी सास और एक बार ससुर शिकायत दर्ज करा चुके है। लसूडिया के शांति निकेतन क्षेत्र में 14 दिसंबर को हुए विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके दो दिन बाद ससुर की शिकायत पर बहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। अब लसूडिया पुलिस ने नेहरू कुटिया, मालकागंज दिल्ली निवासी रूचि शर्मा की शिकायत पर उसके पति नितेश सिंघानिया, ससुर विनोद, सास कनकलता और एक अन्य रिश्तेदार के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायत में रूचि ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले हुए विवाद के दौरान आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की, जिससे उसे और उसके बेटे को चोटें आईं। पहले पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की, लेकिन मारपीट और घर से निकाले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने और वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत के बाद महिला का मेडिकल कराया गया, जिसके बाद प्रकरण दर्ज किया गया। मामले में करीब 5 दिन पहले 70 वर्षीय ससुर विनोद सिंघानिया ने भी बहू रूचि शर्मा और उसकी बहन के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का केस दर्ज कराया था। ससुर का आरोप है कि बहू रूचि ने उनकी पत्नी कनकलता और बेटे के साथ मारपीट की थी, जिसमें कनकलता को गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। ससुर ने अपनी शिकायत में बताया था कि रुचि बंगले के एक कमरे में जबरन रह रही है। घर के अन्य सदस्यों से लगातार विवाद करती रहती है। वह टिफिन में सामान रखकर बाहर भेजती है, जिस पर सास कनकलता ने आपत्ति जताई तो रुचि ने गाली-गलौज शुरू कर दी। 14 दिसंबर को भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। ससुर विनोद के मुताबिक, उन्होंने बेटे नितेश को फोन कर घर बुलाया। जैसे ही नितेश घर पहुंचा, रुचि ने उस पर और सास पर हमला कर दिया। सास कनकलता को सीढ़ियों से धक्का दे दिया, जिससे उनके सिर, हाथ और पैर में चोट आई है। नितेश ने जब बीचबचाव किया तो रुचि ने उसके हाथ पर काट लिया। इसके बाद पुलिस को मौके पर बुलाया गया।

## तेज रफ्तार कार ने कई कारें की क्षतिग्रस्त

**गाड़ी छोड़कर भागा ड्राइवर**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना इलाके में शनिवार रात एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से 5 से अधिक कारों को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद ड्राइवर रात में गाड़ी छोड़कर भाग गया। सुबह रहवासी थाने पहुंचे और मामले में FIR कराई है। पुलिस आसपास के कैमरों से टक्कर मारने वाली कार की तलाश कर रही है। घटना रात करीब 2.30 के लगभग धनवंतरी नगर की है। यहां पर 61 वर्षीय अजय गोविंद ने शिकायत की है कि उनकी कार घर के बाहर खड़ी थी। तभी रात में उन्हें अचानक आवाज आई। वह बाहर जाकर देखा तो कई कारें क्षतिग्रस्त नजर आई। रविवार सुबह मामले में FIR दर्ज कराई है। रहवासियों के मुताबिक जहां घटना हुई वहां कुछ घरों के कैमरे बंद हैं। पुलिस आसपास के कैमरों से जानकारी जुटा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक